wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

सम्पर्क
ई-पेपर में खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-89 | सागवाड़ा, शनिवार, 27 नवम्बर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## प्रेमिका से चचेरे भाई की बढ़ने लगी थी नजदीकी, शराब पीने के बाद पत्थर से किया 2 बार हमला, सीने पर बैठकर मुंह ओर गला दबाया, मारने के बाद भाग गया

**सागवाड़ा।** चार दिन पहले खड़गदा के काली घांटी में भजन मंडली कर लौट रहे युवक का संदिग्ध शव मिलने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्या के आरोप में पुलिस ने चचेरे भाई को गिरफ्तार किया है। प्रेमिका के चचेरे भाई से बढ़ती नजदीकियो से नाराज होकर हत्या की इस वारदात का अंजाम दिया था। आरोपी ने भजन मंडली से निकले चचेरे भाई के साथ पहले शराब पी ओर फिर पत्थर से 2 बार हमला किया। इसके बाद मुंह और गला दबाकर हत्या कर दी।

सागवाडा थानाधिकारी सुरेंद्र सोलंकी ने हत्या के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए बताया कि हत्या के आरोपी चचेरे भाई हरीश उर्फ हरिया (21) पुत्र लक्ष्मण रोत निवासी खड़गदा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 23 नवंबर को हेमराज उर्फ हेमा (32) पुत्र वेलिया रोत की हत्या की वारदात हुई थी। सुबह के समय काली घांटी में संदिग्ध अवस्था में हेमराज का शव मिला था। पकड़े जाने के बाद हरीश उर्फ हरिया ने बताया कि 5 साल से उसके एक लड़की के साथ प्रेम संबंध थे, लेकिन पिछले कुछ महीनों से उसकी प्रेमिका अपने चचेरे भाई हेमराज उर्फ हेमा से बात करने लगी थी और उन दोनों की नजदीकियां बढ़ गई थी। इस कारण प्रेमिका हरिया उर्फ हरीश से बात करना कम कर दिया था और इससे हरीश अपने चचेरे भाई हेमराज से नाराज था।




### घर वालो को शक नहीं हो इसलिए दु:ख में साथ रहने का ढोंग करता

हत्या के बाद आरोपी चचेरा भाई हरीश उर्फ हरिया अपने घर चला गया। शव मिलने पर वह भी अपने परिवार व गांव के लोगों के साथ ही वहां आ गया और मौत पर शक जताने के ढोंग भी करने लगा ताकि उस पर कोई शक नहीं करे। इसके बाद उसने चचेरे भाई की मौत पर मुंडन भी करवा लिया। लेकिन मामले में छानबीन कर रही पुलिस को हरीश उर्फ हरिया की हरकतों पर शक होने लगा। थानाधिकारी सुरेंद्रसिंह ने बताया कि हरीश पर शक की जांच को लेकर एसआई राजेंद्रसिंह, हेड कांस्टेबल बंशीलाल, कांस्टेबल भानुप्रताप, भूपेंद्रसिंह, यशपालसिंह, वीरेन्द्रसिंह की टीम नजर रखने लगी। वही साइबर सेल से राहुल की टीम अलग से जांच करने लगी। हरीश को इस बात की भनक लगने पर पर पंचवटी के आसपास की पहाड़ियों में जाकर छुपकर रहने लगा। पुलिस ने उसे पकडा तो वह पुलिस पर ही जबरन घर वालो को परेशान करने की बात कहते हुए दबाव बनाने लगा। पुलिस ने मामले में हरीश से सख्ती से पूछताछ की तो उसने प्रेम संबंधों को लेकर हत्या की वारदात करना कबूल कर लिया।

## आसपुर थाने से बजरी से भरा डंपर लेकर भागे माफिया

### डंपर मालिक और दो अन्य दूसरी चाबी लगाकर भगा ले गए

**आसपुर।** आसपुर थाने में खड़े बजरी से भरे ट्रक को माफिया लेकर भाग गए।

आसपुर पुलिस ने 3 दबंगों के खिलाफ राजकार्य में बाधा पहुंचाने और डंपर चोरी का मामला दर्ज किया है। थानाधिकारी संजीव स्वामी ने बताया कि शुक्रवार रात डीएसपी भवानी सिंह गश्त पर थे। आसपुर थाने के सामने बस स्टैंड के पास अवैध बजरी से भरे डंपर खड़ा था। चालक के पास बजरी परिवहन के कागज नहीं थे। इस पर डंपर को थाने में खड़ा करवाया गया। वहीं चालक मौका देखकर भाग गया। थानाधिकारी ने बताया कि डंपर को थाने के पीछे खड़ा किया गया था। कुछ देर बाद डंपर मालिक सुमेर सिंह निवासी रामा, दिग्विजय सिंह निवासी करेलिया और चालक तीनों डंपर के पास आए और दूसरी चाबी लगाकर भगाकर ले गए। पुलिस ने डंपर का पीछा किया। मगर पकड़ नहीं पाए। तीनों के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने का केस दर्ज किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि डंपर की तलाश की जा रही है।

## पेट्रोल पंप काउंटर से 20 हजार लूटे, पर्स भी छीन और पल्सर बाईक भी ले गए

### पादरा रोड पर पेट्रोल पंप पर आधी रात को लूटपाट की वारदात, ऑफिस में रखा कंप्यूटर सेट, राउटर, केबल व डीवीआर भी तोड़ दी

**सागवाड़ा।** सागवाड़ा थाना क्षेत्र के पादरा रोड पर एक पैट्रोल पंप पर आधी रात को लूटपाट की वारदात हुई है। सरिए, लट्ठ व तलवार लेकर आए 4 बदमाशों ने पेट्रोल पंप के कांच तोड़कर ऑफिस में घुसे ओर अंदर सोएं 4 कर्मचारियो से मारपीट करते हुए 24 हजार रुपये ओर डीवीआर लूटकर ले गए। सागवाडा पुलिस ने लूटपाट का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

सागवाडा में पादरा रोड पर कैप्टन फिलिंग स्टेशन के संचालक राकेश कटारा निवासी बोरखेड़ ने केस दर्ज करवाते हुए बताया कि शुक्रवार रात को वह, पंप कर्मचारी रूपंचद, शांतिलाल व महेंद्र पंप पर थे। रात करीब 11 बजे पंप बंद करने के बाद रूपचंद व शांतिलाल के साथ ऑफिस में सो गए, जबकि महेंद्र पास के दूसरे कमरे में सो गया। रात करीब डेढ़ बजे के बाद 4 बदमाश लट्ठ, सरिया और तलवार लेकर आएं और ऑफिस का कांच फोड़ते हुए अंदर घुस गए। बदमाशो ने उनके साथ मारपीट की ओर तलवार दिखाते हुए डराया। बदमाशो ने पैट्रोल पम्प के कलेक्शन के रुपये के बारे में पूछा ओर मना करने पर मारपीट की। बदमाशो ने काउंटर में रखे पैट्रोल-डीजल के 20 हजार 420 रुपये निकाल लिए।

इसके अलावा राकेश का पर्स भी छीन लिया, जिसमें एटीएम कार्ड, 3800 रुपये कैश रखे हुए थे। वहीं काउंटर से एक बाइक की चाबी भी निकाल ली। बदमाशो ने ऑफिस में रखा कंप्यूटर सेट, राउटर, केबल व डीवीआर भी तोड़ दी। वहीं डीवीआर और महेंद्र व रूपंचद के मोबाइल भी ले गए। सागवाडा थाना पुलिस ने मामले में राकेश की रिपोर्ट पर 4 बदमाशो के खिलाफ लूटपाट केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।








## शहर के दो तालब- पहली बार होगी मशीन से सफाई

### गमरेश्वर और मसानिया तालाब में हटाई जाएगी जलकुंभी

**सागवाड़ा।** पहली बार नगर पालिका सागवाड़ा शहर के तालाबों को जलकुंभी से मुक्त करने के लिए नई टेक्नोलॉजी अपनाएगा। शहर के तालाबों का सौंदर्य बढ़ाने और उनके रख रखाव को लेकर नगर परिषद ने कार्य योजना शुरू कर दी है।

नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि इसके तहत सबसे पहले गमरेश्वर और मसानिया तालाब की सफाई की जाएगी। दोनों तालाबों में पसरी जलकुंभी और गंदगी को हटाया जाएगा। इसके बाद पूरा प्लान बनाकर तालबों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। खोडनिया ने बताया कि शहर के तालाबों की दुर्दशा को लेकर शहरवासियों ने चिंता जताई है।नगरपालिका चुनाव में भी शहरवासियों ने यह समस्या उनके सामने रखी थी। तालाबों की सफाई में अबतक लाखों रुपये खर्च किये जा चुके है लेकिन बेहतर परिणाम सामने नही आए। शहरवासियों की यह मांग थी कि डिविडिंग मशीन से इसकी सफाई की जाए ताकि इसे जड़ से खत्म किया जा सके। शहरवासियों की मांग पर जल्द ही यह मशीन मंगवाई जा रही है।

पालिकाअध्यक्ष ने बताया कि यह मशीन जलकुंभी के साथ प्लास्टिक का कचरा भी समेट लेती है। हर मशीन की क्षमता 13 क्यूबिक होती है। मशीन में तीन सक्शन होते हैं। एक सक्शन कचरा इकट्ठा करता है, दूसरा कचरा स्टोर करता है और तीसरा कचरा-मटेरियल बाहर फेंकता है। इस तरह यह मशीन नदी-तालाबों से कचरा उठाकर उसे बाहर कर देती है। मशीन का उपयोग अजमेर, डूंगरपुर और उदयपुर जैसे शहरों में तालाबों की सफाई के लिए किया जा चुका है।



### जलकुंभी को जड़ से काटकर उठा लेती है मशीन

यह मशीन जलकुंभी को काटती है और इसके बाद इसके कन्वेयर जलकुंभी को उठाकर मशीन के अंदर स्टोर कर लेते हैं। यह मशीन इस स्टीमर की तरह चलती है और जलकुंभी के अलावा अन्य खरपतवार को भी काट कर उठा लेती है।

### पूरे तालाब में फैली है जलकुंभी

तालाब में जलकुंभी ने अपने पैर जमा दिए हैं। इस वनस्पति की तासीर इस प्रकार की है कि फौरी तौर पर साफ-सफाई कराने के बाद कुछ ही दिनों में यह फिर से फैलने लगती है। आज की स्थिति में इस तालाब के एक बड़े हिस्से में जलकुंभी फैलती जा रही है। पानी में ऑक्सीजन की कमी से जलीय जीवों के जीवन पर संकट खड़ा हो गया है। गंदे पानी के कारण मछलियां मर रही हैं।

## कलयुगी माँ अपने कलेजे के टुकड़े को झाड़ियों में फेककर फरार हो गई

**डूंगरपुर।** जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र में माँ की ममता के शर्मसार होने का मामला सामने आया है। थाना क्षेत्र के वक्तापुर गांव के पास झाड़ियों में कांटो के बीच एक कलयुगी माँ अपने कलेजे के टुकड़े को फेककर फरार हो गई। पुलिस के अनुसार सरथूना से झलाई गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर वक्तापुर के जंगल में झाडियो के बीच से एक बच्चें के रोने की आवाज सुनाई देने लगी।

वहां से जा रहे दूध बेचने वाले मुकेश डामोर ने बच्चे की आवाज सुनी तो वह झाड़ियों के बीच गया और बच्चे को ढूंढने लगा। झाड़ियों में कांटो के बीच एक नन्हा बच्चा रोते हुए नजर आया। बच्चें के शरीर पर किसी तरह के कपड़े नहीं होने से ठंड में ठिठुरन की वजह से वह रो रहा था। दूध बेचने वाले मुकेश ने झाड़ियों के बीच से बच्चे को बाहर निकाला। बच्चे के शरीर पर कई जगह खरोंच के निशान थे।

मुकेश ने इसकी सूचना झलाई सरपंच बाबूलाल डामोर को दी। सरथूना पुलिस चौकी से राजाराम भी वहां पंहुच गए। बच्चें को कब्जे में लेने के बाद सीमलवाड़ा सीएचसी लेकर पंहुचे। डॉक्टर जिग्नेश कटारा ने बच्चे की जांच कर बताया कि बच्चा कमजोर है और ठंड में खुले बदन पड़ा होने से ठिठुर रहा था।

नवजात की एक दिन पहले ही जन्म होने की बात बताई जा रही है। बच्चे की जांच के बाद उसे डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस नवजात को फेंककर जाने वाले लोगों की तलाश में जुटी हुई है।

## रणोली के विद्यार्थियों ने की पुलिस थाने की विजिट


**सागवाड़ा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रणोली के विद्यार्थियों ने शनिवार को सागवाडा पुलिस थाने की विजिट कर थाने का अवलोकन किया व पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली को देखा।

विद्यार्थियों ने थाने में बाल मित्र कक्ष, हथियार, बेरक, कार्यालय आदि स्थानों को देखा वही थानाधिकारी सुरेन्द्र सोलंकी ने उन्हें कानूनी जानकारियां देते हुए विभिन्न अपराधों व उसके लिए सजाओ के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने थानाधिकारी से संवाद कर कई प्रश्न पूछे जिसका जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। वही पुलिस को मित्र समझ कर अपराधो की बिना डरे जानकारी देने की बात कही। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व कई छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



## लकड़ी तस्करों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, 2 ट्रक पकड़े

**डूंगरपुर।** जिला स्पेशल पुलिस टीम ने बीती रात लकड़ी तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने कुंआ व चितरी थाना क्षेत्र में 2 ट्रक पकड़े है, जिसमें आम व नीम की गीली लकड़ी को तस्करी कर गुजरात ले जा रहे थे। एसपी सुधीर जोशी के अनुसार जिला स्पेशल पुलिस को सूचना मिली कि कुआं व चितरी थाना क्षेत्र से हरे पेड़ो को काटकर लकड़ी की तस्करी की जा रही है। जिस पर डीएसटी के हेड कांस्टेबल नवीन कुमार, महावीर, मुकेश, राजगोपाल व यशपालसिंह की टीम ने पहली कार्रवाई कुंआ थाना क्षेत्र में डूंगर सारण से पुनावाड़ा रोड़ की। एक ट्रक को रुकवाकर पूछताछ की तो चालक ने लकड़ी भरी होना बताया और तालाशी में नीम की गीली लकड़ी भरी हुई थीं। लकड़ी परिवहन को लेकर कोई दस्तावेज नहीं थे। इस पर ट्रक समेत चालक को कुंआ थाना पुलिस को सौंप दिया है।



## दादाबाड़ी जिनालय पहुँची आम्बवाडी टीम, डॉ हुसैन ने लगाए संतों को टीके

**बाँसवाड़ा।** कोरोना महामारी को हराने के लिए जहाँ आमलोग भी जागरूक दिख रहे है, वहीँ संत भी टीका लगवाकर आमजन को संदेश रहे है। शहर के दादाबाड़ी जिनालय में दो संतों ने शनिवार को कोविड़ से बचाव के लिए टीका लगवाया। उन्होंने संदेश दिया की कोविड़ को हराने के लिए सभी की भागीदारी जरूरी है। आम्बवाडी में नि:शुल्क सेवाएं दे रहे डॉ मन्नुवर हुसैन ने बताया कि संतो को दूसरा डोज लगाया गया है। इससे पहले भी डॉ हुसैन की टीम ने संतों को टीका लगाया था।



## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**डूंगरपुर ।** जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के रास्तापाल-करावाडा मार्ग पर गोकल तालाब की पाल की पास अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हड़मतिया निवासी गटू डामोर आसेला से अपने गाँव हडमतिया लौट रहा था इस दौरान रास्तापाल-करावाडा मार्ग पर गोकल तालाब की पाल की पास एक अज्ञात वाहन ने गटू की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गटू की मौत हो गई। रास्ते से गुजर रहे एक व्यक्ति ने मामले की जानकारी धम्बोला थाना पुलिस को दी।

सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को घटना स्थल से उठवाकर सीमलवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इधर परिजनों के आने के बाद पुलिस ने सीमलवाडा मोर्चरी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया।

### कंठाव स्कूल में महीने में एक दिन पर्यवारण संरक्षण के लिए समर्पित करने का लिया संकल्प

## संकल्पित दिवस को स्कूल स्टाफ तथा छात्र मिलकर करेंगे प्रकृति ओर पर्यवारण संरक्षण के लिए रचनात्मक कार्य, ग्रमीणों तथा अन्य लोगो को भी करेंगे जागरूक

**बांसवाडा।** बांसवाडा में माही बांध के होते हुए भी फरवरी मार्च के बाद कुशलगढ, दानपुर, सज्जनगढ़ आदि बेल्ट कई गावो में जल संकट उत्पन्न हो जाता है कारण की वर्षा से प्राप्त जल का उचित संरक्षण हमारे द्वारा नही किया जाता और उसके उचित भंडारण के साथ ही सही इस्तेमाल पर लोगो मे जागरूकता का अभाव है और ऐसा देश के कई हिस्सों में है जिसमे नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार आने वाले कुछ वर्षों में कई महानगरों में भूजल बिलकुल समाप्त हो जाएगा। जल बचाएंगे जीवन बचाएंगे, प्लास्टिक हटाएंगे पृथ्वी बचाएंगे, पेड़ लगाएंगे पर्यावरण बचाएंगे जैसे संकल्प के साथ पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की वृक्षम फाउंडेशन की यात्रा कंठाव स्कूल पहुची जहां राज्य सरकार द्वारा आदेशित साप्ताहिक नो-बैग डे के तहत इस बार वृक्षम की पाठशाला का आयोजन किया गया। संस्था कार्यवाहक संस्था प्रधान राम नरेश कोटा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक शनिवार को स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई से मानसिक राहत देते हुए नो बैग डे घोषित किया गया है जिसके अंतर्गत बच्चों को अन्य सामाजिक व क्रियात्मक कार्यो द्वारा बच्चो का मानसिक, शारीरिक विकास पर कार्य करने की योजना जारी है इसी कार्य योजना के अंतर्गत बच्चो को प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाने के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन कंठाव स्कूल में हुआ जहा छात्र छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को जाना। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्रधानाचार्य रामनरेश मीना कोटा, मुख्य अतिथि वृक्षम के संस्थापक नीरज पाठक व विशिष्ट अतिथी सपना फाउंडेशन के महासचिव चार्मी भट्ट रहे। कार्यक्रम में वृक्षम के संयोजक संस्थापक नीरज पाठक द्वारा बच्चों के साथ वृक्षम के पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये जा रहे (

